दिनांकः 05.10.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 18वीं किस्त के रूप में 9 करोड़ 40 लाख किसानों के लिए 20 हजार करोड़ रुपये की राशि जारी की। प्रधानमंत्री ने आज महाराष्ट्र के वाशिम से अब से कुछ देर पहले देशभर के किसानों के खातों में ये राशि हस्तांतरित की। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना से देशभर के किसानों को आर्थिक संबल मिला है। श्री मोदी आज महाराष्ट्र के एक दिन के दौरे पर हैं। इससे पहले उन्होंने लगभग 23 हजार 300 करोड़ रुपये की कृषि और पशु पालन से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का शुभारंभ किया। वहीं प्रधानमंत्री ने वाशिम में मां जगदम्बा मंदिर में पूजा अर्चना की और संत सेवालाल महाराज और संत रामराव महाराज की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

000

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े आज सीकर दौरे पर हैं। उन्होंने खाटू में आयोजित राष्ट्रीय कृषि कार्यशाला प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया। तीन दिन की इस कार्यशाला में राज्यपाल ने किसानों से उन्नत खेती के बारे में संवाद किया। इस शिविर में देश के 13 राज्यों से करीब एक हजार प्रगतिशील किसान हिस्सा ले रहे हैं। शिविर का समापन कल होगा। इससे पहले राज्यपाल ने आज सुबह खाटूश्याम मंदिर में दर्शन कर पूजा–अर्चना की और प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान श्री बागड़े ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और मंदिर विकास को लेकर समिति के पदाधिकारियों से वार्ता भी की।

000

प्रदेश में मौसमी बीमारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कोटपूतली बहरोड जिले में मौसमी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए विभाग द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ ने बताया कि मौसमी बीमारियों को लेकर लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

000

विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह के तहत राज्य में विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज भरतपुर में चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी के माध्यम से लोगों से मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए रोजाना व्यायाम करने का आव्हान किया गया। इस प्रभात फेरी में नर्सिंग स्टूडेंट और चिकित्साकर्मी शामिल हुए। इस दौरान आमजन को जागरुक करने के लिए पोस्टर का भी विमोचन किया गया। पाली के बांगड़ अस्पताल में कल ग्रीन रिबन डे मनाया गया। बगड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में बच्चों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

000

राज्य सरकार की 'समान परीक्षा योजना' के तहत 9वीं से 12वीं तक की अर्द्धवार्षिक तथा कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाओं का आयोजन राज्य स्तर पर होगा। इस योजना के तहत राज्य स्तरीय समिति द्वारा प्रश्न पत्र छपवाए जाएंगे। प्रदेशभर के स्कूलों के लिए कॉमन प्रश्न पत्र होने से सभी विद्यार्थियों का समग्र मूल्यांकन हो सकेगा। इसके साथ ही समान तिथियों में परीक्षा आयोजित होने से कार्मिकों और विद्यार्थियों के लिए भी आसानी रहेगी। सरकार के इस निर्णय से विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के पैटर्न का बेहतर मूल्यांकन करने में मदद मिलेगी।

000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आज स्टेनोग्राफर भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच बजे तक दो पारियों में ये परीक्षा होगी। इसके लिए प्रदेश में 123 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। परीक्षा के लिए 22 हजार 368 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं।

000

जालौर के भीनमाल में रानी वाडा रोड पर एक ट्रोले और कार की टक्कर में एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब कार में सवार दम्पत्ती सुंधामाता मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे और ट्रोले से टकरा गई।

000

सवाईमाधोपुर जिले में वन विभाग की ओर से आयोजित किये जा रहे वन्य जीव सप्ताह के तहत जागरुकता के विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। बसौकला के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुए कार्यक्रम में विद्यार्थियों और वन्यजीव प्रेमियों को वन्यजीवों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर वन्यजीवों के संरक्षण से जुड़ी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। रणथंभौर बाघ परियोजना के मुख्य वन संरक्षक और क्षेत्र निदेशक अनूप के आर ने वन्यजीव और प्रकृति के महत्व की जानकारी देते हुए वन तथा वन्यजीवों के संरक्षण का आह्वान किया।

000

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से 'जयपुर ध्रुवपद फेस्टिवल' की शुरुआत हो रही है। यह फेस्टिवल राजस्थान कला, साहित्य, संस्कृति विभाग और जवाहर कला केंद्र की ओर से आयोजित किया जा रहा है। आज शाम को डागर घराने के शिष्य ध्रुवपद गायकी प्रस्तुत करेंगे।

000